13 korba-BHOOMI-pg1_Layout 1 5/14/2024 12:09 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 14 मई 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]




# अप्पू गार्डन का वेवपूल बना अखाड़ा, हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस भीषण गर्मी में मौज मस्ती करने के लिए नगर व आसपास के युवाओं और युवतियों तथा बच्चों के लिए सीएसईबी चौक के निकट स्थित नगर पालिक निगम द्वारा संचालित अप्पू गार्डन का

- वेबपूल में लगातार हो रही मारपीट की घटना, महिलाओं व बच्चों में दहशत का आलम

वेव पूल बड़ा माध्यम बना हुआ है। यहां बड़ी संख्या में लोग वेव पूल का आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं और घण्टों यहां बिताते हैं। इस दौरान किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था यहां नज़र नहीं आती। अप्पू गार्डन के भीतर मौजूद इन लोगों के बीच आए दिन वाद विवाद और मारपीट की सम्भावना बनी रहती है। वेव पूल में कुछ असामाजिक तत्व भी आ जाते हैं जिनके कारण खतरा बना रहता है। मोबाईल चोर भी अपना कमाल यहां दिखाते रहते है। रविवार दोपहर भी यहां कुछ लड़कों के बीच मारपीट की घटना हुई। आए दिन इस तरह की घटना होने से यहां पहुंचने वाले शांतिप्रिय लोगों में दहशत का वातावरण निर्मित रहता है। अप्पू गार्डन के संचालन से जुड़े लोग भी सुरक्षा के प्रति लापरवाह और गैर जिम्मेदार बने हुए हैं। यह एक सार्वजनिक स्थल है जहां कई तरह की प्रवृत्ति के लोग पहुंचते हैं। इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था भी उपलब्ध रहने की आवश्यकता बनी हुई है। यह कोई पहला मौका नहीं है बल्कि ऐसे और भी मामले हो चुके हैं जब यहां दो से तीन गुटों के बीच मारपीट हुई है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। समय रहते ध्यान न दिया गया तो बड़ी अनहोनी भी हो सकती है।



## कार्यवाही करने निगम ने पुलिस को लिखा पत्र

रविवार को सी.एस.ई.बी. चौक स्थित विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) में उत्पाती युवकों द्वारा घटित की गई घटना को संज्ञान में लेते हुए निगम द्वारा पुलिस को इन युवाओं व असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखा गया है। वहीं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए घटना की पुनरावृत्ति न हों, इस हेतु सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने तथा सुरक्षा व्यवस्था और अधिक दुरूस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आमनागरिकों की सुविधा हेतु विवेकानंद उद्यान में वेव्हपूल का संचालन विगत कई वर्षो से सुचारू रूप से किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. तारकेश्वरी मिश्रा को पीएचडी की उपाधि





**कोरबा।** डॉ. तारकेश्वरी मिश्रा पति सौरभ तिवारी को पीएचडी की उपाधि मिलने पर उनके समाज के वरिष्ठ, प्रतिष्ठित जनो समेत उनके रिश्तेदारों ने उन्हें बधाई दी है। ज्ञात हो कि डॉ. तारकेश्वरी मिश्रा व्याख्याता (वाणिज्य)के पद पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय हिन्दी उत्कृष्ठ विद्यालय जमनीपाली में कोर्यरत हैं। इन्होंने सनराइज यूनिवर्सिटी अलवर राजस्थान से 4 जुलाई को वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है।

### न्याय दिलाने निकाली गई पद यात्रा

**गेवरा दीपका।** सोमवार को भारतीय मज़दूर संघ गेवरा क्षेत्र द्वारा गेवरा में कार्यरत सभी विभागों के कर्मचारियों को उनके हक़ दिलाने और निरंतर हो रहे सभी उनके लाभों एवं समुचित व्यवस्था दिलाने साथ ही सभी ऑपरेटर व डोजर ग्रेडर क्रेन और गेवरा में जीतने भी आपरेटर साथी और कर्मचारी है उन्हें न्याय दिलाने पद यात्रा के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया।



13 korba-BHOOMI-pg2_Layout 1 5/13/2024 11:59 PM Page 1





# अनूप हुए डीपफेक का शिकार लाखों लोगों ने देखा फर्जी वीडियो

**मुंबई।** डीपफेक वीडियोज के वायरल होने का सिलसिला रुक नहीं रहा। एआई की मदद से उनकी फोटो और आवाज को कॉपी कर भ्रामक संदेश फैलाए जा रहे हैं। अब अभिनेता अनूप सोनी इसका शिकार हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनका एक डीपफेक वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह आईपीएल का सट्टा लगाने की बात कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने डीपफेक वीडियो को लेकर चेतावनी जारी की है। अनूप ने एक बयान में कहा, 'यह पूरी तरह से फर्जी वीडियो है, और हम सभी को सतर्क रहना होगा कि इन दिनों चीजों को कैसे और किस हद तक हेरफेर किया जा रहा है। अनूप सोनी के इस फर्जी वीडियो पर लाखों व्यूज आए हैं।

लाइफ Style



# जान्हवी 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी कपूर अपनी आगामी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेड माही' का पहला ट्रेलर रिलीज हो चुका हैं। इसके ट्रेलर को स्टार स्पोर्ट्स हिंदी और यूट्यूब पर कुछ ही घंटों पहले रिलीज किया गया था।

साथ ही फिल्म के इस वीडियो को जान्हवी कपूर ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। इसके वीडियो को देखकर फैंस बेहद उत्साहित हो गए हैं। 'मिस्टर एंड मिसेज माही' का ट्रेलर रिलीज होते ही जाह्नवी कपूर और राजकुमार राव की केमिस्ट्री ने एक बार फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस फिल्म से पहले दोनों ने फिल्म 'रूही' में एक साथ काम किया था। इस फिल्म में इन दोनों की जोड़ी को फैंस ने बेहद पसंद किया था। मिस्टर एंड मिसेज माही में दोनों को फिल्म में अपने सपनों और फर्ज के बीच जूझते हुए दिखाया गया है।


मिसेज माही को क्रिकेटर बनने के लिए मिस्टर माही अपने परिवार से भी बगावत कर बैठते है। फिल्म का ट्रेलर जैसे ही जान्हवी ने अपने अकाउंट इंस्टाग्राम पर साझा किया तभी से फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक फैन ने लिखा, 'फिल्म को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।' एक यूजर ने लिखा, ''ट्रेलर में ही पूरी फिल्म की कहानी क्यों दिखा दी।" एक और फैन ने लिखा, 'इस पूरे गाने को सुनने के लिए बेकरार हूं।'

## हॉलीवुड मसाला




# कान्स में होगी 'कूकी' की स्क्रीनिंग

**लॉस एंजेलिस।** असम में बनी हिंदी फीचर फिल्म 'कूकी' की कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में स्क्रीनिंग होगी, जो 28 जून को रिलीज होगी। 'कूकी' की स्क्रीनिंग 21 मई को पैलेस एच में होने वाली है। निर्माता जुनमोनी देवी खौंड ने कहा, 'मैं अपनी पहली फीचर फिल्म 'कूकी' को प्रतिष्ठित कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित करने का अवसर पाकर बेहद सम्मानित और आभारी हूं। यह प्लेटफॉर्म न केवल सिनेमाई कला का जश्न मनाता है, बल्कि उन आवाजों को भी बुलंद करता है जो जरूरी वैश्विक मुद्दों पर बोलने का साहस करती हैं।'



# जस्टिन बीबर-हैली के घर जल्द गूंजेगी किलकारी

**लॉस एंजेलिस।** इंटरनेशनल पॉप सिंगर जस्टिन बीबर अपने शानदार गानों की बदौलत अपने करोड़ों फैंस के दिलों पर सालों से राज करते आ रहे हैं। अपने गानों के साथ साथ बीबर अपनी निजी लाइफ को लेकर भी काफी बिजी में रहते हैं। हाल ही में सेलेब्रिटी सिंगर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक खुशखबरी देते हुए बताया है कि उनके घर में जल्द ही नन्हा मेहमान आने वाला है। जस्टिन बीबर की पत्नी और मॉडल हैली बीबर जल्द ही मां बनने जा रही है। इस बात का खुलासा जस्टिन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो के जरिए ये खुशखबरी साझा की है। इस वीडियो के आते ही दुनिया भर में जस्टिन के फैंस और दूसरे सेलेब्रिटीज की बधाइयों का तांता लग गया है।



# बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी ...


**मुंबई।** दो साल की दोस्ती के बाद, अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने 2018 में डेटिंग शुरू की। अंकिता-विक्की ने अप्रैल 2021 में पारंपरिक तरीके से शादी की। अंकिता ने अक्सर मां बनने की इच्छा जाहिर की है। बिग बॉस 17 में जब वह आई थीं तब भी उन्हें प्रेग्नेंसी टेस्ट करवाया था। शो में कई बार उनके प्रेग्नेंट होने की अटकलें लगीं। शो से बाहर आने के बाद भी उनकी प्रेग्नेंसी को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए गए, लेकिन सब सिर्फ अफवाह साबित हुई। अंकिता लोखंडे ने खुलासा किया कि वह और विक्की अक्सर बेबीज को लेकर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम हमेशा बेबीज के बारे में बात करते हैं। जब मुझसे बच्चे पैदा करने की इच्छा के बारे में पूछा जाता है तो मेरे पास छिपाने के लिए कुछ नहीं होता। बच्चे तो होंगे ही कभी ना कभी।'



# खौफनाक गुफा में शूट की थी गुना

**मुंबई।** 'फिल्मी फ्राइडे' में कमल हासन की उस फिल्म की कहानी जानिए, जिसके कारण गुना गुफाएं और उनकी दहशत की कहानी दुनियाभर में छा गई थी। कमल हासन को चेतावनी दी गई थी कि वह 'गुना' की शूटिंग वहां न करें। कमल हासन की 33 साल पुरानी इस फिल्म से चर्चा में आई थी डरावनी गुना गुफा। कमल हासन ने शूट के वक्त सड़क बनवाई थी। 'फिल्मी फ्राइडे' में उस फिल्म की कहानी बताने जा रहे हैं, जिसके कारण खतरनाक गुना गुफाएं चर्चा में आ गईं। इसी फिल्म से प्रेरणा लेकर हाल ही मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' बनाई गई। 22 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को पब्लिक डिमांड पर हाल ही ओटीटी पर हिंदी समेत अन्य भाषाओं में डब करके रिलीज किया गया।

## टीवी मसाला



# माधुरी के लिए एक्शन अवतार में आए सुनील

**नई दिल्ली।** सुनील शेट्टी और माधुरी दीक्षित इन दिनों छोटे पर्दे के शो डांस दीवाने में बतौर जज नजर आ रहे हैं। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। इस बीच मेकर्स ने शो का एक धमाकेदार नया प्रोमो जारी किया है। इसमें अभिनेता एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। कलर्स टीवी की ओर से हाल ही में साझा किए गए इस वीडियो में दो लोग माधुरी का अपहरण करते नजर आते हैं। वहीं, अभिनेत्री जोर जोर से चिल्लाती नजर आ रही हैं। तभी नाटकीय ढंग से सुनील शेट्टी की एंट्री होती है और वे माधुरी को बचाकर उन्हें अपने साथ लेकर चले जाते हैं। इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा था, 'माधुरी से मुलाकात करने के लिए सुनील को करनी पड़ी मुक्का-लात।' इसके अलावा एक अन्य प्रोमो वीडियो में सुनील शेट्टी माधुरी को उपहार देते नजर आते हैं। सुनील शेट्टी जल्द ही एक एक्शन से भरपूर फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा वे वेलकम टू द जंगल में भी काम कर रहे हैं। यह मल्टीस्टारर फिल्म इसी साल के आखिर में रिलीज होने वाली है। वहीं, माधुरी दीक्षित को आखिरी बार फिल्म मजा मा में देखा गया था। यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज हुई थी।

## अनुपमा में नहीं होगी तोषू की मौत

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'अनुपमा' ट्रेंड में बना हुआ है। दरअसल, शो में आ रहे ट्विस्ट और शो के कलाकारों की वजह से लोग सोशल मीडिया पर इस शो के बारे में बातें कर रहे हैं। शो में तोषू का किरदार निभाने वाले



अभिनेता आशीष मेहरोत्रा के जाने के बाद लोग कह रहे हैं कि 'अनुपमा' में तोषू की मौत हो जाएगी। कुछ लोगों का मानना है कि मेकर्स तोषू को उसके कर्मों की सजा देंगे और उसका एक्सीडेंट हो जाएगा। हालांकि, इसी बीच दावा किया जा रहा है कि आशीष मेहरोत्रा की जगह मेकर्स किसी और को तोषू बनाकर लेकर आने वाले हैं। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, आशीष मेहरोत्रा की जगह अब गौरव शर्मा तोषू के किरदार में नजर आएंगे। बता दें, गौरव शर्मा इससे पहले 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में नजर आ चुके हैं। उन्होंने समृद्धि शुक्ला, गर्विता साधवानी और रोहित पुरोहित के शो में कैमियो किया था। उन्होंने राजन शाही के इस शो में युवराज का किरदार निभाया था।

# 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन कल से...

**लॉस एंजिलिस।** 'कान फिल्म फेस्टिवल' का आयोजन इस साल 14 मई से 25 मई के बीच किया जा रहा है। यह 'फेस्टिवल' 70 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। यह सिनेमा की दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित आयोजनों में से एक है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' में विश्व भर के कलाकार अपने फैशन और हुस्न का जलवा बिखेरते हुए नजर आते हैं। इस बार 'कान फिल्म महोत्सव' 14 मई से 25 मई के बीच मनाया जाएगा। आइए जानते हैं




### बेहतरीन फिल्मों का किया जाता है चयन

विश्वभर में प्रतिष्ठित इस समारोह का आयोजन हर साल मई महीने में फ्रांस के कान्स शहर में होता है। इसकी शुरुआत साल 1946 में हुई थी। इस समारोह में साल की सबसे बेहतरीन फिल्म का का चयन किया जाता है और उसका जश्न मनाया जाता है। यह विश्व भर के निर्देशकों, निर्माताओं, कलाकारों और फिल्मी दुनिया की हस्तियों के मिलने का एक स्थान भी बन गया है। 'कान फिल्म फेस्टिवल' अपने रोचक और शानदार आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। यह फिल्मी दुनिया से जुड़े कई तरह के आयोजन कराता है। लोग अपनी फिल्म और फैशन का प्रदर्शन इस समारोह में करते हैं। यहां पर हम 'कान फिल्म फेस्टिवल' में होने वाले कुछ प्रमुख आयोजनों के बारे में बताने जा रहे हैं।

# मातृ दिवस पर फिल्मी सितारों ने लुटाया मां पर प्यार

**मुंबई।** रविवार 12 मई को पूरे विश्व में मातृ दिवस मनाया गया। इस दिन लोग अपनी मां के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान प्रकट करते हैं। इस विशेष अवसर पर हिंदी सिनेमा के सितारों ने अपनी मां के लिए इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं।

***संजय दत्त :*** हिंदी सिनेमा के अभिनेता संजय दत्त ने अपनी मां दिग्गज अभिनेत्री



'नरगिस' की पुरानी तस्वीर साझा करते हुए उनके प्रति अपने प्रेम और सम्मान को जाहिर किया है। उन्होंने पोस्ट कर लिखा, 'उस महिला को 'मदर्स डे' की हार्दिक शुभकामनाएं, जिसने मुझे बिना शर्तों के और करुणा के साथ रहना सिखाया। मां तुम्हारी आत्मा मेरे दिल में बसे प्यार में रहती है। सभी चीजों के लिए धन्यवाद! आपको ढेर सारा प्यार!'

***बाबिल खान :*** दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान ने भी अपने माता -पिता के साथ



कुछ तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में अभिनेता इरफान खान और उनकी मां दिख रही हैं। पोस्ट कर उन्होंने लिखा, 'सुतापा सिकदर के बिना कोई इरफान नहीं होता। सुतापा सिकदर के बिना कोई अयान नहीं होता। अगर सुतापा सिकदर नहीं होती तो कोई बाबिल नहीं होता। हर दिन मातृ दिवस है।'

***टाइगर श्रॉफ :*** अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी मां के साथ अपनी तस्वीर साझा की है। साझा की तस्वीरों में वह बहुत



खुश नजर आ रहे हैं। स्टोरी में उन्होंने लिखा, 'मातृ दिवस की शुभकामनाएं।'

***हेमा मालिनी :*** दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने एक्स अकाउंट पर मां के साथ कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने अपनी मां के लिए एक लंबा-चौड़ा नोट लिखा। उन्होंने लिखा, मां वह है जो सभी की जगह ले सकती है, लेकिन मां की जगह कोई नहीं ले सकता।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं अपनी मां के प्रति विशेष आभार व्यक्त करती हूं, जो जीवन भर मेरे लिए चट्टान की तरह खड़ी रहीं और



जिन्होंने वर्षों तक मेरे भाग्य को आकार दिया। वह मुझ पर नजर रखती हैं और ऊपर से मेरा मार्गदर्शन करती रहती हैं। अम्मा को धन्यवाद।'

## वो मांएं, जिनके लिए 'हैवान' बने बेटे...


# किसी ने हड़पी संपत्ति तो किसी ने मां को पीटकर मार डाला

***मुंबई।** कहते हैं कि मां भगवान का रूप होती है। मां के आंचल में स्वर्ग का अहसास होता है। एक मां अपनी औलाद को सुख देने और हर दुख से बचाने के लिए जो कुर्बानी देती है, उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। मां का ऋण तो कोई औलाद जन्मों-जन्मों में भी नहीं चुका सकती। लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में कुछ मांएं बदनसीब रहीं। माओं ने अपनी जिन औलादों को कोख में 9 महीने तक रखा, अपने खून से सींचा, उन्होंने ही उन्हें मौत के मुंह तक धकेल दिया। कुछ ने संपत्ति के चक्कर में मां को घोर यातनाएं दीं तो किसी ने अपनी ही मां को पीट-पीटकर मार डाला।*

**निरूपा रॉय :** सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड की सबसे चहेती मां रहीं एक्ट्रेस निरूपा रॉय की। जिस एक्ट्रेस ने फिल्मी पर्दे पर मां का दर्दभरा रूप दिखाया, जिसे देख दर्शकों की भी आंखें नम हो जाती थी, उसी को अपने ही बेटों के हाथों टॉर्चर झेलना पड़ा। निरूपा रॉय ने गुजराती फिल्मों से अपने करियर की शुरुआत की थी और बॉलीवुड में उन्होंने तकरीबन 10 फिल्मों में अमिताभ बच्चन की मां का किरदार निभाया था। वह शशि कपूर भी मां बनीं। लेकिन निरूपा रॉय को उनके ही बड़े बेटे योगेश ने पीटा और संपत्ति के लिए लड़ा। छोटे भाई किरण ने बड़े भाई योगेश पर मां की संपत्ति हड़पने और मारपीट व टॉर्चर



का आरोप लगाया था। छोटे भाई ने एक इंटरव्यू में बड़े भाई पर आरोप लगाते हुए कहा था कि उनका बर्ताव मां के लिए अच्छा नहीं था। वह उन्हें टॉर्चर करते थे। इसीलिए मां ने उन्हें संपत्ति में बराबर का हकदार नहीं रखा था। निरूपा रॉय की 13 अक्टूबर 2004 को कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई थी और उससे पहले उन्होंने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बांट दी थी। जिस मास्टर बेडरूम पर झगड़ा हो रहा था, उसे उन्होंने और पति कमल रॉय छोटे बेटे किरण को दे दिया था। जब विवाद बढ़ा तो छोटे बेटे ने बड़े बेटे के खिलाफ प्रॉपर्टी हथियाने और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी।



**कासियाम्मल :** साउथ फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस कासियाम्मल के साथ जो हुआ था, वह हैवानियत की हदें पार करने वाला था। कासियाम्मल को उनके ही बेटे ने शराब के नशे में लाठी से पीट-पीटकर मार डाला था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेटा मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांगता था, लेकिन एक्ट्रेस ने देने से इनकार किया तो बेटे ने उन्हें बुरी तरह पीटकर मार डाला था। कासियाम्मल की मौत 4 फरवरी 2024 को हुई थी। पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज की गई थी, जिसके बाद कासियाम्मल के बेटे को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया गया था कि बेटा पी. नमकोदी मां कासियाम्मल से शराब के लिए पैसे मांग रहा था। इसी बात पर उनका झगड़ा हुआ। बेटे ने गुस्से में मां को लाठी से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया, और तब तक पीटता रहा जब तक मां कासियाम्मल के प्राण-पखेरू नहीं उड़ गए।



**प्रिया राजवंश :** हिंदी सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रिया राजवंश ने भले ही अपनी कोख से औलाद पैदा नहीं की थी, पर उन्होंने सौतेले बेटों को खूब लाड़-प्यार दिया था। प्रिया राजवंश ने देव आनंद के भाई और फिल्ममेकर चेतन आनंद से शादी की थी, जो पहले से शादीशुदा थे और उनके दो बेटे भी थे। पर प्रिया राजवंश को क्या पता था कि पति की मौत के बाद दोनों बेटे उनके खून के प्यासे हो जाएंगे। प्रिया राजवंश की 27 मार्च 2000 को उनके बंगले में लाश मिली। उनके कत्ल का आरोप दोनों सौतेले बेटों पर लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चेतन आनंद के बेटों विवेक और केतन ने बंगले के दो नौकरों के साथ मिलकर सौतेली मां प्रिया राजवंश की हत्या कर दी। चारों को पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया था और उन्हें सजा भी मिली थी। पर बाद में दोनों बेटों को रिहा कर दिया गया था।

**गीता कपूर :** मीना कपूर की फिल्म 'पाकीजा' में नजर आईं गीता कपूर भी बदकिस्मत रहीं। साल 2019 में गीता कपूर का मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। दो दिनों तक उनकी लाश अस्पताल में पड़ी रही, पर बेटा या घर-परिवार से कोई नहीं पहुंचा। गीता कपूर का बेटा राजा, जोकि एक कोरियोग्राफर है, वह उन्हें अस्पताल में अकेला छोड़कर भाग गया। जब घर जाकर पता किया तो वहां ताला लगा मिला और बेटा परिवार के साथ वहां से चंपत हो गया। गीता कपूर की बेटी एयरहोस्टेस थी, लेकिन उसने भी मां की सुध नहीं ली। बेटा और बेटी दोनों ही मां को लावारिस छोड़कर चले गए थे। फिल्ममेकर रमेश तौरानी और अशोक पंडित ने गीता कपूर का ख्याल रखा था। गीता को बेटे राजा के नाम के सिवाय कुछ याद नहीं था। वह आखिरी दिनों तक उसके लिए तड़पती रहीं।



## खबर संक्षेप

### श्री अग्रसेन गुरुकुल में आरती रही प्रथम



**रजगामार।** श्री अग्रसेन गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। कला समूह के 8 छात्रों में से 4 प्रथम, 3 द्वितीय और 1 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण, गणित समूह के 2 छात्रों में 1 प्रथम और 1 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण, जीव विज्ञान समूह के 4 छात्रों में से 2 प्रथम और 2 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान आरती आदित्य 77.6 प्रतिशत, द्वितीय मेघा धीरहे 75.02 प्रतिशत, तृतीय स्थान मौमिता बिश्वास 71.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा दसवीं में कुल 16 में से 9 प्रथम 6 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए और एक विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुआ। कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान दीपिका मरावी 85 प्रतिशत द्वितीय, नेहा धीवर 81.66 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान गिरिराज टंडन 80.66 प्रतिशत अंक अर्जित किये।

### छुरीकला क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया, लोग परेशान

**कोरबा।** छुरीकला नगर क्षेत्र के चरमराई बिजली व्यवस्था से नगरवासियों के सामने पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। एक बाल्टी पानी के लिए दूर से साइकिल में ढुलाई कर पानी लाना पड़ रहा है। पिछले चार दिन से मौसम में आये बदलाव से आंधी तूफान बारिश होने से नगर क्षेत्र के बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाने से नगर की पेयजल आपूर्ति ठप पड़ गई है। पानी के लिए लोगों को यहां-वहां भटकना पड़ रहा है। दूर से साइकिल व अनेक साधनों से पानी ढुलाई करना पड़ रहा है। वहीं वार्ड पार्षद द्वारा पानी व्यवस्था को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। नगर पंचायत स्तर पर टैंकर के माध्यम से सभी वार्डों में पेयजल की आपूर्ति हो रही है जो ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है। दो तीन दिन में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं की गई तो लोगों के सामने पानी की बहुत बड़ी संकट खड़ी हो जायेगी।

### भीषण गर्मी में पुलिस राहगीरों को पिला रही ठंडा पानी

**कोरबा।** भीषण गर्मी में कोरबा पुलिस का एक अनोखा प्रयास सामने आया है जहाँ आमजनों को तपती धूप शुद्ध शीतल जल पिलाने के साथ यातायात के नियमो के पालन की अपील की जा रही है। अक्सर देखा जाता है चौक चौराहा पर पुलिस के द्वारा वाहनों की जांच कर नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई करते हुए फाइन किया जाता है लेकिन कोरबा पुलिस के द्वारा इस भीषण गर्मी में वाहन चलाने वाले लोगों को रोका जा रहा था और सबसे पहले शीतल जल पिलाने के बाद यातायात नियमों का पालन करने की अपील किया जाने लगा। कोरबा पुलिस का यह प्रयास जहां एक और मानवता को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें भीषण गर्मी में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा था वही अपनी जिम्मेदारियां को दृष्टिगत रखते हुए यातायात के नियमों के पालन को लेकर आम जनों से अपील किया जाना मानवता और कर्तव्य निर्वहन दोनों का उदाहरण है। कोरबा पुलिस के इस कार्य को लेकर आम जनों में पुलिस के प्रति आत्मीयता का भाव तो जुड़ा ही साथ ही अपने कर्तव्य को लेकर पुलिस की संजीदगी का एक उदाहरण भी समाज के बीच प्रस्तुत हुआ।

ग्रामीणों को रोज अंधेरे में गुजारनी पड़ रही रात

# घुंचापुर के ग्रामीण पिछले 15 दिनों से कर रहे ट्रांसफार्मर मरम्मत का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्राम पंचायत घुंचापुर में पिछले 15 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है जिसकी वजह से क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है। शिकायत के बाद भी ट्रांसफार्मर मरम्मत को लेकर कोताही बरती जा रही है जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी में बिजली की आंखमिचौली से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है।

**खास बात**

- ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण हलाकान

ऊर्जाधानी का दम भरने वाले कोरबा जिले में विद्युत व्यवस्था का आलम किसी से छिपा नहीं है। जिले सहित अन्य राज्यों को रौशन करने वाले जिले में ही बिजली का टोटा बना हुआ है। हल्की सी हवा चली नहीं कि बिजली गुल हो जाती है और घंटों तक लोगों को अंधेरे में रात गुजारना पड़ता है। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। छोटी सी तकनीकी खराबी के मरम्मत में लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। विद्युत कंपनी के अफसरों की लापरवाही से ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई हैं। बिजली कटौती का कोई समय नहीं हैं। दिन में बिजली दर्जनों बार आती जाती हैं और मनमानी ढंग से विद्युत कटौती तो हो रही है, उस पर कभी कम वोल्टेज तो कभी अधिक वोल्टेज की समस्या से भी ग्रामीण जूझ रहे है और विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त किसानों को भी उचित बिजली नहीं मिल पा रही हैं। जनपद पोड़ी-उपरोड़ा क्षेत्र ग्राम पंचायत घुंचापुर एवं अन्य मोहल्ले में लगा ट्रांसफार्मर बीते 15 दिनों से खराब पड़ा है। खराबी के चलते बिजली की मात्रा कभी कम तो कभी ज्यादा हुई जिससे लोगों के विद्युत उपकरण भी खराब हो गए। ट्रांसफार्मर खराब की सूचना मोहल्लेवासियों द्वारा विद्युत कंपनी को दी गई।

विद्युत कंपनी के द्वारा आज तक ट्रांसफार्मर को ठीक नहीं किया गया, जिससे मोहल्लेवासियों को मुसीबत झेलनी पड़ रही हैं। बिजली नहीं होने के कारण पानी की समस्या से भी लोग जूझ रहे हैं। पानी के लिए लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि हम बिजली बिल समय से जमा करते हैं उसके बावजूद आज 15 दिनों से अंधेरा छाया हुआ हैं। जो लोग बिजली बिल जमा नहीं करते उनका कनेक्शन बिजली विभाग द्वारा क्यों नहीं काटा जाता हैं। ऐसे में बिजली बिल जमा करने वाले लोगों में आक्रोश बना हुआ है क्योंकि बिजली बिल जमा करने के बावजूद भी बिजली नहीं मिल पा रही है। सबसे ज्यादा अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को बिजली नहीं मिलने से परेशानिया झेलनी पड़ रही है। विद्युत कंपनी द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। विद्युत कंपनी के अफसरों की लापरवाही के चलते 15 दिनों के बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया जिससे वार्डवासियों की बिजली समस्या जस की तस बनी हुई हैं।



बिगड़ा पड़ा ट्रांसफार्मर।

**सीएसईबी कालोनी में भी छाया रहा अंधेरा**

रविवार की रात आयी तकनीकी खराबी वजह से लोगों को बिजली गुल की समस्या का सामना करना पड़ा। बिना आंधी तूफान के बिजली गुल होने से लोग सब स्टेशन कार्यालय का चक्कर काटते रहे। रात 1 बजे से बिजली गुल हुई जिसके बाद लगभग सुबह 5 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। भीषण गर्मी में रात को लोगों को बिजली गुल होने की वजह से रतजगा कर रात गुजारना पड़ा। कोसाबाड़ी स्थित सब स्टेशन कार्यालय में शिकायत करने वाले लोगों की भीड़ जुटी रही। अलसुबह बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लगातार हो रही बिजली कटौती से विद्युत कंपनी के आवासीय कालोनी में निवासरत बिजली कर्मी व परिजन भी हलाकान रहे।

# चैतुरगढ़ में मिली अनोखी प्रजाति की छिपकली



चैतुरगढ़ पहाड़ी में मिली छिपकली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रकृति की खूबसूरती समेटे चैतुरगढ़ की मनोरम वादियों में छिपकली की एक ऐसी अनोखी प्रजाति मिली है, जिसका घर छत्तीसगढ़ से मीलों दूर दक्षिण भारत में है। हिल गीको नामक यह दुर्लभ प्रजाति कोरबा जिले में दूसरी बार सामने आई है। प्राणिशास्त्र और वन विज्ञान के नजरिए से यह अपने आपमें कोरबा की बायोडायवर्सिटी के लिए बड़ी बात है।

जिले का जंगल अनोखी वनस्पतियों और दुर्लभ वन्य प्राणियों से भरा पड़ा है जो समय-समय पर अचानक प्रकट होकर लोगों को चकित व अचंभित करते रहते हैं। एक बार फिर कुछ ऐसा ही जीव दिखा है। यहां छिपकली की एक दुर्लभ प्रजाति हिल गीको मिली है। छत्तीसगढ़ में छिपकाली की इस प्रजाति का मिलना अपने आप में अनोखा व महत्वपूर्ण है, जो क्षेत्र के जंगलों की जैव विविधता की समृद्धता दर्शाता है। भारत समेत विभिन्न एशियाई देशों में पाई जाने वाली छिपकली की यह प्रजाति दक्षिण भारतीय राज्यों तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक व महाराष्ट्र में निवास करती है। जीव विज्ञानियों का कहना है कि इस गीको की बाह्य अकारिकी विशेषताओं के विस्तृत परीक्षण व इसकी जांघ पर छोटे छिद्र सहगल के गीको प्रजाति को स्पष्ट रूप से अन्य दो से अलग करते हैं।

### पुलिस ने गुम इंसान को किया दस्तयाब

**कोरबा।** दो माह पूर्व 13 मार्च को थाना बांगो में प्रार्थी प्रमिला बाई पति कृपाल सिंह टेकाम उम्र 30 वर्ष निवासी सासिन थाना बांगो जिला कोरबा के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसके पति कृपाल सिंह टेकाम पिता गुरु दयाल सिंह टेकाम उम्र 34 वर्ष निवासी सासिन थाना बांगो 23 फ़रवरी को अपने घर में पत्नी से विवाद करके कहीं चला गया था। जिस पर से थाना बांगो में गुम इंसान क्र 8/24 क़ायम कर जांच में लिया गया। पुलिस द्वारा काफी खोजबीन के बाद पता चला कि कृपाल सिंह कमाने खाने के लिए हैदराबाद चला गया था, वहां एक मसाला फैक्ट्री में काम कर रहा था। जिसे 12 मई को दस्तयाब किया गया है।

# मकान में तराई के दौरान लगा करंट, ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुटेलामुड़ा गांव में करंट की चपेट में आने से 31 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल लाया गया लेकिन इसका कोई नतीजा नहीं निकला। कटघोरा पुलिस ने परिजनों की सूचना पर 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया है।

जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर यह घटना हुई। शारदा पाल ने इस मामले को लेकर बताया कि कुटेलामुड़ा में कंवर परिवार के द्वारा मकान बनाया जा रहा है। पहले हिस्से की छत ढलाई के बाद यहां पानी की तराई की जा रही है। सोमवार की सुबह इस काम को शंकर सिंह कंवर पिता सकुर सिंह कर रहा था। छत के हिस्से के पास से ही विद्युत विभाग की सर्विस लाइन गई हुई है।

पानी डालने के दौरान शंकर सिंह का संपर्क खुले हुए केबल से हो गया। जिसके साथ ही वह करंट की चपेट में आने से झुलसकर गिर पड़ा। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग हरकत में आए। मामला समझ में आने के साथ आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित पक्ष ने कटघोरा थाने में इस मामले को लेकर सूचना दी है। पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ आगे कार्रवाई करने की बात कही है।

**असावधानी बरतने पर होती है घटनाएं**

करंट से मौत के मामलों में कई प्रकार के तथ्य सामने आते रहे हैं लेकिन मूल बात यही है कि लापरवाही इसमें सबसे बड़ा कारण होता है चाहे वह किसी पक्ष से क्यों न जुड़ा हो। बिजली कंपनी के द्वारा शहरी क्षेत्र में आपूर्ति वाली लाइन को कवर्ड किया गया है। यही काम ग्रामीण क्षेत्रों में भी हुआ है। कहीं-कहीं सर्विस लाइन के केबल में समस्याएं हैं और इसी की अनदेखी भारी पड़ जाती है।

# हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में इस वर्ष भी लाइब्रेरी की नहीं मिल पाई सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में लाइब्रेरी की सुविधा को लेकर अभी भी कोई गंभीरता नहीं बरती गई है। स्थिति यह है कि किसी भी स्कूल में लाइब्रेरी का संचालन नहीं शुरु हो सका है। स्थिति यह है कि रिक्त पदों पर भर्ती भी नहीं हो सकी है। जबकि जिला शिक्षा विभाग ने शासन को रिक्त पदों की जानकारी पूर्व में ही प्रेषित कर चुका है। हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या जिले में 120 है और कहीं भी लाइब्रेरी की सुविधा नहीं है।

सर्व शिक्षा अभियान के तहत हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में खेल सामग्री का वितरण, कम्प्युटर की आपूर्ति जैसे कार्य डीएमएफ से हुए हैं किंतु शिक्षण व्यवस्था को लेकर प्रमुख माने जाने वाले लाइब्रेरी का संचालन किसी भी हायर सेकेंडरी में शुरु नहीं हो सका और न ही लाइब्रेरी शुरु करने हेतु किताबों की आपूर्ति की गई। जबकि सर्व शिक्षा अभियान के तहत जिनमें 72 हायर सेकेंडरी स्कूलों का संचालन हो रहा है और दोनों ही कक्षाओं में लाइब्रेरी के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की निर्देश है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जिले में लाइब्रेरी संचालन को लेकर स्थानीय स्तर पर स्कूल प्रबंधन ने भी कोई व्यवस्था नहीं की है। सिलेबस के अलावा कोर्स से संबंधित अन्य किताबें की व्यवस्था छात्रों को अपने स्तर पर करनी पड़ रही है। किताबों की आपूर्ति साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में वर्ष 2023 के जुलाई माह में की गई थी लेकिन वह किताबें भी सिलेबस की बाहर की हैं जिनसे कोर्स से संबंधित जानकारी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में कोई भी सहायता विभाग के द्वारा भेजी गई इन किताबों से नहीं मिल रही है। साडा कन्या स्कूल में भेजी गई किताबें अभी भी पैकेट में रखी हुई है उनका उपयोग ही नहीं हो सका है। इसके अलावा अन्य स्कूलों में किताबों की सप्लाई नहीं हुई है।

**खास बातें**

- रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया नहीं शुरू हुई
- शिक्षा विभाग ने भेजा था पदों के लिए प्रस्ताव

**पीटीआई की हुई भर्ती**

स्कूलों में पीटीआई के रिक्त पदों पर भर्ती की गई है। किंतु लाइब्रेरी के रिक्त पदों के लिए शिक्षा विभाग से जानकारी लेने के बाद भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत ही नहीं हो सकी। जबकि वर्ष 2019 में लाइब्रेरी के लिए ग्रंथपाल पद की भर्ती निकली थी किंतु भर्ती प्रक्रिया शुरु नहीं हो सकी। जबकि जिले से कई शिक्षित बेरोजगारों ने अपने आवेदन दिए थे। लाइब्रेरी लेकर निजी स्कूलों में पढ़ाने वाले कई शिक्षित बेरोजगार युवक शासन के उम्र के शर्त को पार कर चुके हैं ऐसे में उनके सामने अब लाइब्रेरी की डिग्री लेने का कोई औचित्य नहीं रह गया।

# उद्योग मंत्री की घोषणा, सीजी बोर्ड के टॉपर्स को दी जाएगी दो-दो लाख प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बोर्ड की 10 वी और 12वी में मेधावी छात्र छात्राओं को वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने फोन कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए और बधाई दी।

छत्तीसगढ़ भवन एव अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे जो माध्यामिक शिक्षा बोर्ड के 10 वी और 12वी में टॉप मेरिट सूची में शामिल हुए है। ऐसे श्रमिकों के प्रत्येक बच्चो को मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी छात्र छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत 1 लाख नगद राशि व 1 लाख दो पहिया वाहन क्रय किए जाने हेतु 2 लाख रुपए का चेक वितरण किया जाएगा। वहीं इस सूची में 10 छात्र-छात्राएं ऐसे भी थी जिनके पालक श्रमिक हैं। ऐसे में अब उन छात्र-छात्राओं का प्रदेश सरकार की तरफ से सम्मान किया जाएगा। प्रदेश के श्रम एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने ऐसे सभी टॉपर्स से फोन पर बात की, उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि उनके विभाग के द्वारा सभी 10 टॉपर्स को प्रोत्साहन स्वरुप दो-दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया जाएगा। यह चेक उन्हें आचार संहिता के हटते ही दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस राशि में एक लाख रुपये उनके आगे कि पढ़ाई के लिए होगा जबकि शेष एक लाख दो पहिया वाहन के लिए दिया जाएगा।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम पतरापारा निवासी जनक साय आ. स्व. देवधारी (50 वर्ष) रविवार की शाम अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। इधर ग्रामीण के कीटनाशक पी लेने की जानकारी लगते ही परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# बगैर मुआवजा तोड़ा गया भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोगों के विरोध के बाद भी राजस्व विभाग के अधिकारियों ने कोरबा-चांपा एनएच पर स्थित एक भवन पर बुलडोजर चलवा दिया। जबकि अब तक इस भवन का मुआवजा भी नहीं मिला है। विभाग के इस एकतरफा कार्यवाही को लेकर स्थानीय लोगों ने राजस्व अधिकारियों और एनएच के अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है।

ज्ञात हो कि चाम्पा से कटघोरा मार्ग पर एनएच 149 बी का निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य लगभग समाप्ति की ओर है परंतु कुछ जगहों पर प्रशासन की कमजोरी की वजह से मुआवजा नहीं मिलने के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। ऐसे ही कुछ प्रकरण बरपाली में भी लंबित है। जहां क्षेत्र के लोगों ने बरपाली बस स्टैंड में एक भवन बनाया है जिसका मुआवजा भी अभी तक लंबित है। मुआवजा नहीं मिलने की वजह से उक्त भवन को तोड़ा नहीं जा रहा था किन्तु सोमवार की दोपहर को जब बरपाली क्षेत्र के लोग मौकास्थल पर नहीं थे तब तहसीलदार सत्यपाल रॉय के संरक्षण में एनएच के ठेकेदारों द्वारा भवन पर जेसीबी चलवा कर भवन गिरा दिया गया। तहसीलदार को फोन पर जानकारी दी गई कि भवन का मुआवजा लंबित है, जब तक मुआवजा नहीं आ जाता तब तक भवन को न तोड़ा जाए किन्तु तहसीलदार द्वारा क्षेत्रवासियों की बातों को अनसुना करते हुए जबरर्दस्ती जेसीबी चलवा कर भवन गिरवा दिया गया।



भवन तोड़ता जेसीबी।

# दो दिन में तीन किशोरियों को प्रशासन की टीम ने बालिका वधू बनने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिले को बाल विवाह मुक्त करने के संकल्प को प्रशासन की संयुक्त टीम ने मूर्त रूप देना प्रारंभ कर दिया है। कलेक्टर के दिशा निर्देश पर गठित संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंच कर बाल विवाह रोकने की परिजन को समझाइश देती है। विगत दो दिनों में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, चाईल्ड लाईन, पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा तीन बाल विवाह रोका गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी को ग्रामीणों ने सूचना दी की ग्राम लक्ष्मीपुर में एक 14 वर्षीय बालिका का बाल विवाह सम्पन्न हो रहा है। जिस पर टीम मौके पर पहुंची तो पाया कि बालिका का उम्र मात्र 14 वर्ष 6 माह हो रहा है। परिजन को समझाइश दी गई तथा बालिका के 18 वर्ष पूरा होने के बाद विवाह करने की बात कही। इस प्रकार टीम को एक ग्रामीण द्वारा सूचना दी गई की गांव में ही एक और नाबालिग लड़की का विवाह होने वाला है। जिस पर टीम वहां गई, दस्तावेजों का परीक्षण करने पर बालिका का उम्र 17 वर्ष 6 माह हो रहा है परिवार वालो को समझाइश देकर बाल विवाह रुकवा दिया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को ग्राम पंचायत जोबगा के ग्रामीणों से सूचना मिला कि एक 16 वर्षीय बालिका का बाल विवाह करने हेतु मण्डप रखे हैं। आज बारात आने वाली है। सूचना पर तत्काल टीम मौके पर पहुंचे तो पाया की मंडप सजा कर डीजे बज रहा है और विवाह हेतु बारात का इंतजार कर रहे है। लडकी ने बताया कि वह स्वयं इस विवाह को के लिए राजी हुई है और उस पर किसी प्रकार का दबाव नहीं है। उसके माता पिता शराब पीते। जिस पर परिजन को समझाइश दी गई। लडके पक्ष से बात करने पर संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ और ऐसा लगा कि विवाह नही रुकेगा लड़के वाले बारात ले आएगे।



# ऑपरेटरों एवं कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ यथावत रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा परियोजना में खनन की शुरूवात 5-10 एमटी से हुई थी, तब के समय में कर्मचारी साथियों को अतिरिक्त लाभ दिया जाता था परंतु आज के समय गेवरा परियोजना 65-70 एमटी का उत्पादन की ओर अग्रसर हैं इसके बावजूद कर्मचारी साथियों को मिल रहे सुविधाओं में निरंतर प्रबंधन द्वारा कटौती की जा रही है।

वर्तमान समय में गेवरा की स्थिति ऐसी है कि कर्मचारी को प्रदुषण, पानी, बिजली, साफ-सफाई हर जगह के लिए जद्दोजहद कर रहें है। फिर भी कर्मचारियों द्वारा कर्मचारी साथीगण पूरी निष्ठा के साथ उत्पादन एवं उत्पादकता में डटे रहे हैं, यहां तक की कोरोना जैसी महामारी में भी कोयलाकर्मी अपने कार्यों का निवर्हन पूरी निष्ठा एवं जवाबदारी के साथ किये हैं। एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में संचालित विशेष 150 टन के ऑपरेटरों द्वारा 11 फरवरी 2021 को सामूहिक हड़ताल किये जाने पर समझौते के तहत प्रबंधन के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि प्रोडक्शन होने के बाद 240 टन ऑपरेटरों को सुविधा दी जा रही है, वैसे ही सुविधा दी जायेगी। जो ऑपरेटरों के मन में भेदभाव है उसे दूर किया जायेगा। उसी वर्ष उत्पादन कोयला का 50 एमटी हुआ बड़े खेद के साथ कहना पड़ रहा है प्रबंधन उक्त विषय को लेकर टाल-मटोल का रवैया अपना रही है जिससे ऑपरेटरों में रोष व्याप्त हो गया है। इस वर्ष भी 59.1 एमटी, 150 टन एवं 240 टन ऑपरेटरों एवं सभी शावेल ऑपरेटरों व डोजर, ड्रील, ग्रेडर ऑपरेटरों के द्वारा कोयला उत्पादन प्राप्त किये, इसका खामियाजा के रूप में सभी ऑपरेटर एवं कर्मचारियों की सारी सुविधाएं बंद कर दिया गया है प्रबंधन अपने अड़ियल रवैया अपनाते हुए सभी कर्मचारियों को मानसिक एवं शारीरिक तौर से अपंग बनाने में तुली हुई है। जिससे कर्मचारियों ने संबंधित मशीनों डम्पर एवं शावेल एवं सभी हैवी एचईएमएम मशीन के संचालन संबंधित प्रावधानों के समाहित होने तक राष्ट्र, उद्योग व श्रमिक हित में पूर्ववत व्यवस्था अनुरूप ऑपरेटरों को प्रदान की जाने वाली अतिरिक्त सुविधा की भुगतान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश की जानकारी 15 दिनों के अंदर मांगी है अन्यथा वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

## खबर संक्षेप

### यूटीएस ऑन मोबाइल एप की स्टेशनों में यात्रियों को मिल रही जानकारी

**कोरबा।** डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा घर बैठे अनारक्षित टिकट बुकिंग हेतु यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है। यूटीएस ऐप आधुनिक टिकटिंग प्रणाली में एक बड़ी उपलब्धि है और भारतीय रेलवे पर अनारक्षित टिकटों पर यात्रा करने वाले यात्रियों के विशाल वर्ग के लिए एक वरदान जैसा है। इस एप को बिना लाइन लगाये घर बैठे सभी स्टेशनों का अनारक्षित टिकट की बुकिंग, मासिक सीजन टिकट का नवीनीकरण एवं प्लेटफार्म टिकट की बुकिंग हेतु विशेष रूप से तैयार किया गया है। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर यूटीएस ऑन मोबाइल एप में टिकट प्राप्त करने की बाहरी सीमा (50 किमी) जियो-फेंसिंग दूरी का प्रतिबंध समाप्त कर दिया गया है। वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन व सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अनुपम दत्ता के नेत्रत्व में वाणिज्य विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### 2 आरोपी पुलिस की हिरासत में, पूर्व में भी कर चुके है कई चोरी, लूट की वारदात



**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र निवासी धरम यादव उम्र 39 वर्ष पिता श्रीराम नारायण यादव ने जटगा थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि 11 मई को धरम यादव अपनी ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी -04 एन0व्ही0 8357 मे चालक जावेद को बिजारी रायगढ़ से कोयला लोडकर जैतहरी पावर प्लांट म0प्र0 मे खाली करने भेजा था। जावेद मिस्त्री ने रात्रि लगभग 2 बजे धरम को करके बताया कि वह रायगढ़ से कोयला लोडकर जैतहरी पावर प्लाट जा रहा था कि ग्राम सिरकी बाम रोड में उक्त ट्रेलर को सफेद रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 3788 में सवार तीन लोग रूकवाकर जावेद को ट्रेलर से नीचे उतार कर रात्रि 1.30 बजे अपने कब्जे में रखकर जान से मारने की धमकी देते हुए ट्रेलर वाहन का चाबी निकाल कर ट्रेलर के डीजल टंकी से लगभग 150 लीटर डीजल निकाले है तथा उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करते जेब में रखे 3 हजार रुपए नगदी को लूट लिए है। सूचना मिलने पर जटगा पुलिस ने धरम यादव की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विशेष टीम गठित किया। टीम ने मुखबीर की सूचना पर संदेही इन्द्रपाल साहू एवं शरद साहू को घेराबंदी कर पकडकर पूछताछ किया तो उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया एवं आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 3788 व प्लास्टिक की 2 जारीकेन से भरा हुआ डीजल लगभग 100 लीटर तथा नगदी रकम 2 हजार रूपये को बरामद कर न्यायिक रिमांण्ड पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### घर के पीछे बाड़ी में लटकी लाश मिली

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दुरपा रोड निवासी सीताराम शाह के घर के पीछे हिस्से में बाड़ी है और सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल बनाया गया है, जिसकी ऊंचाई कम है। इसके पीछे गेवरारोड-चांपा रेलखण्ड की रेल लाइन बिछी हुई है। आज दोपहर बाद घर के पीछे बाड़ी में किसी काम से गई सीताराम शाह की धर्मपत्नी चीख पड़ी जब उसने बीही के पेड़ पर नायलोन की रस्सी में किसी अज्ञात व्यक्ति को फांसी पर लटके देखा। वह भागकर बाहर की ओर आई और आसपास के लोगों को बताया। सूचना पर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पहुंची। मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी है। मृतक के गले में फांसी का फंदा है और उसके दोनों घुटने जमीन पर हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उसने रेलवे लाइन की तरफ से आकर या तो खुदकुशी की है या फिर किसी घटना को खुदकुशी का शक्ल देने की कोशिश हुई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित

# साइंस में डीडीएम, आर्ट्स में इंडस, कामर्स में डीपीएस बालको की छात्राओं ने जिले में किया टॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं, 12वीं के परीक्षा के परिणाम सोमवार को दोपहर बाद घोषित कर दिए गए। 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद से सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों में परीक्षा परिणाम के आंकलन करने की तैयारी स्कूल प्रबंधन के द्वारा की जा रही थी। पहली बार 10वीं 12वीं परीक्षा का एक साथ परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। 10वीं के परीक्षा परिणाम में डीपीएस एनटीपीसी व 12वीं के परीक्षा परिणाम में डीपीएस बालको ने बाजी मारी है। इस वर्ष सीबीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा में देशभर से लगभग 18 लाख छात्र शामिल हुए थे। घोषित परिणाम में इस साल परीक्षा परिणाम 87.98 प्रतिशत रहा। सीबीएसई बोर्ड के अनुसार इस साल लड़कियों का परीक्षा परिणाम लड़कों के मुकाबले 6.40 प्रतिशत अधिक रहा। घोषित परिणाम के अनुसार विज्ञान विषय में शहर के डीडीएम पब्लिक स्कूल की छात्रा प्रतिष्ठा दास ने, कामर्स में डीपीएस बालको की छात्रा सृजनि राय ने तो आर्ट विषय में इंडस पब्लिक स्कूल के छात्रा ने प्रियांशी पाठक ने जिले में पहला स्थान हासिल किया है।

### डीडीएम पब्लिक स्कूल का रहा दबदबा




डीडीएम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12वीं में अपना परचम लहराया है। छात्रा प्रतिष्ठा दास ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान प्राप्त की है। इसी तरह हार्दिक नामदेव 96 प्रतिशत, प्रितेश वर्मा 95.4 प्रतिशत, नन्दनी शर्मा 95.2 प्रतिशत, एम.अश्विन अतुल 90.6 प्रतिशत, एम के श्रीशांत 87.8 प्रतिशत, एफ.एस.प्रियुशा 86.6 प्रतिशत, एम. अतुल्य राय 86 प्रतिशत, एम. प्रियांशु सोनी 85.2 प्रतिशत, एम. अंश अग्रवाल 83.4 प्रतिशत अंक अर्जित किया है। जिसमें हार्दिक नामदेव ने मैथ्स में 100 प्रतिशत और नंदनी शर्मा ने बिजनेस स्टडीज में 100 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले का नाम रौशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष केएन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है। स्कूल के सीईओ अमरनारायण सिंह ने सभी उत्कृष्ठ छात्र-छात्राओं को शुभकामना देते हुए 51 हजार रूपये एवं 11 हजार रूपये देने की घोषणा की।

### डीपीएस बालको का परीक्षा परिणाम



सीबीएसई बोर्ड के सोमवार को घोषित किए गए डीपीएस बालको के 12वीं के कामर्स संकाय सृजनि राय ने 98.8 प्रतिशत लेकर टॉप किया है। स्कूल से बेहतर प्रदर्शन करने वालों में कामर्स संकाय में समृद्धि अग्रवाल 98.6 प्रतिशत, कृष अग्रवाल 97.2 प्रतिशत, वंशिका अग्रवाल 96.2 प्रतिशत, उन्नति डिडवानिया 95.8 प्रतिशत, भूमिका साव 95.4 प्रतिशत, मृदुल अग्रवाल 94.8 प्रतिशत, वेदांत अग्रवाल 94.8 प्रतिशत, सगनीज चक्रवर्ती 94.6 प्रतिशत, रुद्र बघेल 93.6 प्रतिशत, वंशिका खातुर 93.6 प्रतिशत, अभय चंद्रा 92.6 प्रतिशत, इसी तरह साइंस संकाय में शिवम कुमार ठाकुर 98.6 प्रतिशत एवं सानिया परवीन ने 96.2 प्रतिशत, जतीन्द्र कुमार साहू 95 प्रतिशत, अक्षांश नामदेव 92.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।

### डीपीएस एनटीपीसी का परीक्षाफल



कक्षा 12 वीं के विज्ञान संकाय में अक्श वर्मा 93.8 प्रतिशत, प्रणव कुमार 93.8 प्रतिशत, कामर्स संकाय में उत्सव अग्रवाल 97.8 प्रतिशत, शिवांशी अग्रवाल 93 प्रतिशत, राधिका मोदी 92 प्रतिशत, हर्ष अग्रवाल 91.4 प्रतिशत, दक्षता जैन 90.4 प्रतिशत एवं वेदांश मित्तल ने 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। कक्षा 10वीं में ओजस अग्रवाल 98.6 प्रतिशत, निहारिका यातिश 98.6, अभिनव शशांक 98 प्रतिशत, अद्विता रीतुल 97.8 प्रतिशत, जान्हवी गुप्ता 97.8 प्रतिशत, आदित्य राय 97.6 प्रतिशत, अरपिता अपराजिता 96.8 प्रतिशत, अन्वेशा पांडेय 96.8 प्रतिशत, आशुतोष कुमार शाह 96.4 और प्रतिक्षा सिंघानिया ने 96 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।

### आईपीएस की प्रियांशी ने कला संकाय में किया टॉप

प्रियांशी पाठक ने कला सकाय में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप की है। अपनी सफलता की बदौलत जिले में डिस्ट्रिक्ट टॉपर के रूप में प्रियांशी पाठक ने अपनी बुद्धिमत्ता और काबिलियत का लोहा मनवाया। प्रियांशी ने कहा कि मैं अपनी इस उपलब्धि हेतु विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता, विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं शैक्षणिक प्रभारी सब्यसाची सरकार, प्री प्राइमरी शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सोमा सरकार का धन्यवाद देती हूं। इसी तरह कला संकाय में ही उदित जायसवाल ने 90 प्रतिशत के साथ टॉप 5 में स्थान प्राप्त किया। इंडस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए इसे छात्रों और शिक्षकों की समर्पित टीम दोनों के लिए एक बड़ी जीत माना। भौगोलिक और स्थान संबंधी कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद छात्रों की सफलता उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।



### करियर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



करियर पब्लिक स्कूल का दोनों बोर्ड परीक्षाओं में परीक्षा परिणाम गत वर्षो की तरह इस साल भी उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 10वीं में 45 एवं 12वीं की परीक्षा में 42 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। प्राचार्या श्रीमती किरण तिवारी ने बताया कि कक्षा 10वीं में प्रभलीन कौर ने 87 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इशान मिश्रा ने 82 प्रतिशत, प्रांजलरा नाने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं में अनुष्काराय 91.8 प्रतिशत, विनीत लहरे ने 88.4 प्रतिशत, तन्नु यादव 81.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय के चेयरमैन मनीष रजोरिया और डरेक्टर प्रदीप जैन ने सभी विद्यार्थियों उनके शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी है।



### त्रिलोकी स्कूल का सराहनीय परिणाम



कटघोरा स्थित त्रिलोकी पब्लिक स्कूल के सभी विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट रहा। जिसमें इशांत डिक्सेना 89 प्रतिशत, अनुष्का सिंघल 81 प्रतिशत एवं सभी विद्यार्थी अच्छे प्रतिशत से पास होकर स्कूल का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों की अथक परिश्रम, अभिभावकों का सहयोग एवं विषय शिक्षकों की कड़ी मेहनत रंग लाई। विद्यालय के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल, प्राचार्या मोना ठाकुर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बधाइयाँ दी।



### सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम



सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र सिद्धार्थ राजदीप ने 97 प्रतिशत एवं 12वीं की छात्रा गरिमा अग्रवाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, साथ ही विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत उत्कृष्ट रहा। सिद्धार्थ राजदीप ने सबसे अधिक 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी तरह नेहल सोनी 93.6 प्रतिशत, जानवी पटेल 93.4 प्रतिशत, सार्थक मिश्रा 93.4 प्रतिशत, मुस्कान यादव 92.8 प्रतिशत, मानसी ठाकुर 92.6 प्रतिशत, आर्यन सिंह 92.2 प्रतिशत, जिया रस्तोगी 91.4 प्रतिशत, नुपुर राठौर 90.6 प्रतिशत, अदविका यादव 90 प्रतिशत, आदित्य कुमार 90 प्रतिशत, अंशुमान सहदेव 90 प्रतिशत एवं नंदिनी राय 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह 12वीं में गरिमा अग्रवाल 93 प्रतिशत, ओशिका सोनवानी, पलक मोदी, सृजन विश्वकर्मा, इशू कुमारी ने भी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

## थार ने बाइक को मारी टक्कर, ट्रेलर के नीचे आने से युवक की मौत



दुर्घटना के सड़क पर पड़ा मृतक का शव।

**खास बात**

- कटघोरा थाना क्षेत्र के ग्राम जेंजरा का मामला, बाइक सवार दो अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा-कोरबा रोड पर जेन्जरा के समीप एक मोटर सायकल सवार को एक तेज रफ्तार थार वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की ट्रेलर के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर दुर्घटनाकारित थार चालक की तलाश शुरु कर दी है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत जेंजरा के समीप गोड़मा नाला पर सोमवार की सुबह लगभग 11:30 बजे एक मोटर सायकल सवार को तेज रफ्तार थार वाहन ने जोरदार टक्कर मारी जिससे बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर के चक्के के नीचे आ गया। इस हादसे में एनटीपीसी निवासी दिनेश कुमार राव बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तो वही बाइक में सवार संतराम राव गंभीर रूप से घायल हो गया तथा 6 वर्षीय एक बच्ची को भी मामूली चोट आई। हादसे के बाद दुर्घटनाकारित थार वाहन चालक मौके से फरार हो गया व ट्रेलर को रोक लिया गया। घटना के बाद स्थानीय राहगीरों की भीड़ इकठ्ठा हो गई और वाहनों का जाम लग गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना कटघोरा थाना में दी। जहां मौके पर पहुंची कटघोरा पुलिस व 108 वाहन ने घायलों को तत्काल कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया तथा मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार मृतक व घायल एनटीपीसी जमनीपाली पाली निवासी बताये जा रहे है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया और दुर्घटना कारित थार वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## कलेक्टर ने सीजीबोर्ड में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मेरिट छात्र छात्राओं को सम्मानित करते कलेक्टर।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में राज्य में मेरिट आने वाले तथा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर अजीत वसंत, जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगई ने सम्मान किया। उन्होंने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में राज्य में पांचवा तथा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा गामिनी कुमारी कंवर अंक प्रतिशत 98 एवं राज्य में दसवां स्थान तथा जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली कृतिका कुमारी कंवर, हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में पांचवा और जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शुभ अग्रवाल को टैबलेट, पेन और किताबें प्रदान कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। कलेक्टर श्री वसंत ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करें और जो लक्ष्य है उसे प्राप्त करें। उन्होंने सफलता और व्यक्तित्व विकास के लिये प्रतियोगिता को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी प्रतियोगिताओं के लिए अच्छे से तैयारी करने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों के पालकों तथा शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया।

### मारपीट से घायल होटल व्यवसायी की दो माह बाद मौत

**सूरजपुर।** मारपीट से घायल हुए होटल व्यवसायी की रायपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से नाराज नगर के लोगों ने पटना थाने के सामने शव को रख आरोपियों की गिरफ्तार करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। वहीं पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। जानकारी के अनुसार नगर के मानपुर निवासी होटल व्यवसायी दिलकेश्वर साहू आ.धनुकधारी (48 वर्ष) लगभग दो माह पूर्व अपने किसी रिश्तेदार के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने 5 मार्च को जिला कोरिया के ग्राम रनई गए थे।

टैटू (गोदना) मिटाये
नई लेज़र तकनीक द्वारा





छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

### सकालो जंगल में पहुंचा दंतैल, वनकर्मी कर रहे 24 घंटे निगरानी

**अम्बिकापुर।** शहर से सटे सकालो जंगल में अकेले दंतैल के पहुंचने से वन अमला सतर्क हो गया है। दंतैल पिछले पांच दिनों से सीमावर्ती प्रतापपुर जंगल से आना-जाना कर रहा है। वनकर्मियों की सतर्कता के कारण दंतैल ने अब तक कोई क्षति नहीं पहुंचाई है। गुरूवार को सकालो जंगल में दंतैल के पहुंचने की सूचना मिली थी जिसके बाद वनकर्मी व हाथी मित्रदल के सदस्य उसकी 24 घंटे निगरानी कर रहे है। दंतैल कभी सीमावर्ती प्रतापपुर जंगल तो कभी सकालो जंगल में पहुंच जाता है। पास में घनी आबादी होने के कारण खतरे को देखते हुए वनकर्मी उसकी 24 घंटे निगरानी कर रहे है। वन मण्डलाधिकारी तेजस शेखर ने बताया कि वयस्क होने के कारण हाथी आबादी क्षेत्र से दूर रहा है।

### रेल टिकट की दलाली करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** रेल टिकटों की दलाली करने के मामले में कार्रवाई करते हुए कोरबा की रेलवे पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम मोहम्मद आरिफ शेख है। जिसकी दर्री जेलगांव चौक पर यूनिक ऑनलाईन चॉइंस सेंटर है यहीं पर वो अपनी यूजर आईडी से रेल टिकट बनाता था और उसकी बिक्री करता था। शिकायत मिलने के बाद हरकत में आई रेलवे पुलिस ने उसके चॉईस सेंटर में छापा मारा और गिरफ्तार कर लिया।

## सार्वजनिक व निजी उपक्रम 7 दिनों के भीतर स्थानीय व बाहरी श्रमिकों की दें जानकारी: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य, उद्योग और श्रममंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा जिले के सभी सार्वजनिक उपक्रमों सहित निजी प्रतिष्ठान को पत्र लिखकर बाहरी और स्थानीय श्रमिकों की जानकारी 7 दिवस के भीतर तलब की है। एसईसीएल के कोरबा, गेवरा, दीपका मुख्य महाप्रबंधक, बालको, एनटीपीसी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के महाप्रबंधक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मंत्री श्री देवांगन ने पत्र लिखा है।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने लिखा पत्र, 70 फीसदी स्थानीय बेरोजगारों को देना होगा रोजगार



लखन देवांगन

मंत्री श्री देवांगन ने पत्र के माध्यम से कहा है कि स्थानीय बेरोजगारों के माध्यम से आए दिन शिकायते आ रही है की स्थानीय बेरोजगारों की बजाय बाहरी लोगों की भर्ती की जा रही है। जबकि स्थानीय लोगों को 70 फीसदी लेना है और बाहरी लोगों को 30 फीसदी लेना है। वर्तमान में सार्वजनिक उपक्रमों में नियोजित कई ठेका कंपनियों द्वारा स्थानीय बेरोजगारों की उपेक्षा की जा रही है। जो की अनुचित है। मंत्री श्री देवांगन ने सभी उपकर्मों से 7 दिन के भीतर स्थानीय और बाहरी श्रमिको की जानकारी मांगी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य सरकार की मंशा भी स्थानीय लोगो को काम पर रखने की है। पिछले कई वर्षों से सार्वजनिक उपक्रमों में नियोजित निजी कम्पनियों में कितने श्रमिक काम कर रहे हैं, श्रमिक स्थानीय है या फिर बाहरी, इसकी जानकारी नहीं होने की वजह से स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाती थी। निजी ठेका कंपनियों द्वारा मनमानी की जाती थी, अब श्रमिकों की वास्तविक जानकारी सामने आने के बाद बेहतर प्रयास संभव हो सकेगा, उद्योग मंत्री श्री देवांगन स्थानीय बेरोजगारों के लिए लगातार सार्थक प्रयास कर रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com



सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411